## एक नजर में

### टेनिस के अंतिम स्टेट रैंकिंग में खंडवा के तीन खिलाड़ी

टूर्नामेंट में यथार्थ यादव को मिली चौथी सीड



**खंडवा।** खंडवा के टेनिस खिलाड़ी एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराने भोपाल के लिए रवाना हुए हैं। भोपाल में 22 दिसंबर से आयोजित साल के चौथे और अंतिम स्टेट रैंकिंग टूर्नामेंट में अपने खेल के जौहर दिखाएंगे। खंडवा से शामिल यथार्थ यादव को टूर्नामेंट में चौथी सीड मिली है। खेल और युवा कल्याण विभाग के एनआईएस टेनिस कोच अमीन अहमद ने बताया कि भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में साल का अंतिम टेनिस रैंकिंग टूर्नामेंट खेला जा रहा है। इसमें खंडवा से अंडर–14 आयुवर्ग में शामिल यथार्थ को टूर्नामेंट में चौथी सीड दी गई है। टीम में अंडर–12 और 14 आयुवर्ग सूर्यांश कनेल, अंडर–14 और 18 आयुवर्ग में यथार्थ यादव एवं अंडर–14 में अविका मंडलोई भाग ले रही हैं। यथार्थ यादव को अंडर–14 और अंडर–18 दोनों ही आयुवर्ग में चौथी सीड प्राप्त है। इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु जिलाधीश ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी नागार्जुन बी गौड़ा, एटीडीएस अध्यक्ष प्रमोद चतुर्वेदी आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### समाजकार्य के विद्यार्थियों द्वारा श्रमदान कर ग्राम पांजरिया में बनाया बोरी बंधान






**खंडवा।** श्री नीलकंठेश्वर स्नाकोत्तर महाविद्यालय खंडवा के समाज कार्य विभाग द्वारा ग्राम पांजरिया में नर्सरी के पास भाटी नाले पर मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों द्वारा बैठक आयोजित कर बोरी बंधान कार्य पर श्रमदान किया गया। जिला कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के चतुर्थ चरण के अंतर्गत गांव–गांव में जल संरक्षण हेतु बोरी बंधान गतिविधि संचालित करने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। तदपश्चात ग्राम पांजरिया के भैरूखेडा काकड नर्सरी के पास भाटी नाला पर जल संरक्षण हेतु सभी के द्वारा श्रमदान कर 150 बोरी का बंधान बनाकर 200 मीटर लंबाई तक पानी रोका गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच राम पटेल, हल्का पटवारी मोहनलाल महाविद्यालय फील्ड ऑफिसर दिलावर सोनरिश, अनिल चारोले कमलेश पटेल, नारायण फरकले, बिल्लोर सिंग, शिवराज चिरगुटे समाजकार्य पाठ्यक्रम के छात्र–छात्राएं एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। बोरी बंधान कार्य के सफल आयोजन में ग्राम पंचायत पांजरिया एवं महेंद्र ताड़गे का विशेष सहयोग रहा।

### किशोर नगर में श्रीमद् भागवत कथा आज से, निकलेगी भव्य कलश यात्रा



**खंडवा।** किशोर नगर रहवासी संघ, अखिल भारतीय ब्राह्मण महिला मोर्चा, श्री मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर प्रबंधन समिति, मनोकामनेश्वर महिला मंडल एवं मनोकामनेश्वर महादेव जी सेवा समिति के तत्वावधान में 22 से 28 दिसम्बर तक श्रीमद् भागवत कथा का दिव्य आयोजन अवधपुरी भोपाल की संगीत गुरु श्रीमद् भागवत कथा प्रवक्ता कृष्ण प्रिया दीदी सावित्री देवी तिवारी के मुखारविंद से होने जा रहा है। कथा के शुभारंभ अवसर पर प्रात: 10.30 बजे से एक भव्य कलश यात्रा संघ अध्यक्ष पं प्रेमनारायण तिवारी के दिशानिर्देश में मातृशक्ति की उपस्थिति में कथा स्थल हनुमान वाटिका से क्षेत्र में निकाली जाएगी। यह जानकारी देते हुए समिति प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन मंदिर पुजारी पं. मनोज उपाध्याय के सानिध्य में सोमवार 22 दिसम्बर से रविवार 28 दिसम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक किशोर नगर में होगा। धर्मप्रेमी जनता से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान लाभ लेने की अपील मनोकामनेश्वर महिला मंडल मातृशक्ति, किशोर नगर रहवासी संघ, अखिल भारतीय ब्राह्मण महिला मोर्चा संघ, रिद्धि–सिद्धि महिला मंडल, श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर, महिला मंडल आनंद नगर, सुभाष नगर, शुक्ला नगर, कावेरी विहार कालोनी आदि समिति पदाधिकारियों, सदस्यों द्वारा की गई है।

### कैबिनेट मंत्री चौहान के प्रयासों से 12 बैराजों को मिली 49 करोड़ 38 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति



**आलीराजपुर।** कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान के प्रयासों से आलीराजपुर जिले में ग्रामीण क्षेत्रो में सिंचाई के रकबे को बढ़ाने एवं ग्रामीणों को उनके खेतो में फसलों को पर्याप्त पानी की उपलब्धता के उद्देश्य से 12 बैराज–तालाबो की सौगात मिली, जिसके कार्य जल्द ही प्रारंभ होने वाले है। इन बेराज–तालाबो के निर्माण कार्य को लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रशासनिक स्वीकृती प्रदान कर दी है। विधायक प्रतिनिधी गोविन्दा गुप्ता ने बताया की गत वर्ष लोक निर्माण विभाग के मंत्री तुलसी सिलावट के आलीराजपुर प्रवास के दौरान कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान द्वारा उन्हे से मांगपत्र सौपा था, जिसपर कार्यक्रम के दौरान तत्काल श्री सिलावट द्वारा घोषणा कर मांग पुरी करने की बात कही थी। जिसकी विभागीय प्रकिया पुर्ण करते हुए लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी है। ये 12 बैराजो–तालाबो से 2751 हेक्टर क्षैत्र में सिंचाई की क्षमता बडेगी। इस सौगात से क्षैत्र के जनप्रतिनिधीयो, ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव, विभागीय मंत्री तुलसी सिलावट सहित कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान का आभार व्यक्त किया।

# पंचायत के काम भी सरपंच नहीं, केंद्र सरकार तय करेगी

## मनरेगा का नाम ही नहीं, नियम भी भाजपा ने बदल डाले



नवभारत न्यूज

**खंडवा। मनरेगा का नाम बदलने वाले केंद्र सरकार के फैसले के विरोध में रविवार दोपहर कांग्रेस ने नगर निगम तिराहे पर महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने प्रदर्शन किया।**

कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निर्णय को वापस लेने की मांग की। आंदोलन में महात्मा गांधी के वेशभूषा में चंद्रकुमार कसेरा भी पहुंचे थे।

### गांधी की सोच से डरती है भाजपा : राजनारायण

पूर्व विधायक राजनारायण ने कहा कि इस सरकार में बैठे लोगों को गांधी से डर लगता है। उस सोच से डर लगता है, जो भूखे को झुकने नहीं देती। केंद्र सरकार ने इस बिल के जरिए करोड़ों मजदूरों के अधिकारों पर डाका डाला है। यह देश के गाँव, गरीब और मजदूर पर हमला है। उनके हक़ों की हत्या है। मगर यह देश झुकेगा नहीं।

### यह हर नागरिक का अपमान : डॉ. मिश्रा

वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ मुनीश मिश्रा ने कहा कि मनरेगा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाना उनके सम्मान पर सीधा आघात है। कांग्रेस पार्टी इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी।

डॉ मुनीश मिश्रा ने कहा कि यह सिर्फ कांग्रेस का नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक के सम्मान से जुड़ा मामला है। सरकार को नाम बदलने की राजनीति छोड़कर इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि आज भी मनरेगा के तहत मजदूरों को समय पर भुगतान नहीं मिल पा रहा है।

### आयोजन मुखर और प्रभावी रहा

कांग्रेस जिला अध्यक्ष ग्रामीण उत्तम पाल सिंह पुरानी और शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने भी संबोधित किया। कमेटी के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने कहा कि भगवान राम देशवासियों की आस्था के केंद्र हैं, लेकिन उनके नाम पर महात्मा गांधी के योगदान को मिटाना न तो उचित है और न ही स्वीकार्य।

### प्रदर्शन में ये थे मौजूद

इस अवसर पर कैलाश हरि पटेल, विकास व्यास, प्रेमांशु जैन, शेख फरीद, मनोज मंडलोई, शब्बीर कादरी, आसिम पटेल, रमेश गुरबानी, यशवंत सिलावट, शहजाद पवार, धर्मेन्द्र साकल्ले, मेहमूद खान, चैनसिंह वर्मा, अब्दुल कादर, सागर पवार, नूरजहाँ बी, रूपा कास्डे, राम वर्मा, भुवनेश जोशी, गणेश सकरगाये, वामनराव जाधव, राहुल कनाडे, इमरान गौरी, शेख रेहान, शराफत खान, अरुण यादव पाडल्या, अनिल जाधव सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे।

# सुरगांवनिपानी डेवलपमेंट का हब 300 उद्योगों के लिए जमीन तैयार



नवभारत न्यूज

**खंडवा। अंग्रेजी नए साल पर सबको गिफ्ट देने की परंपरा है। परिजन भी कुछ नया करने की ललक रखते हैं। ऐसे में सरपंच से सांसद तक खंडवा जिले में जिस पार्टी की सत्ता है, वह भी जिलेवासियों को ऐसा तोहफा देना चाहती है, जिससे लोग खुश हो जाएं। इसी उपक्रम में जनप्रतिनिधि लगे हुए हैं।**

नए साल में धूनीवाले दादाजी मंदिर का निर्माण गति पकड़ लेगा। सबसे महत्वपूर्ण सुरगांव निपानी क्षेत्र बनने जा रहा है। यहां जल्द सौ एकड़ क्षेत्र में नए औद्योगिक क्षेत्र अत्याधुनिक तरीके से डेवलप किया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से खंडवा जिले को नागचुन के पास सुरगांवनिपानी में बटालियन की सौगात जनप्रतिनिधियों के सहयोग से प्राप्त होने वाली है।

### ओवरब्रिज इस साल पूरा होगा

औद्योगिक विकास के लिए देशगांव में भी औद्योगिक केंद्र खुलने जा रहा है। संभावना है कि इस नवीन वर्ष में तीन पुलिया पर निर्माणाधीन तीन भुजाओं वाले पुल निर्माण का भी कार्य पूर्ण होगा, जिससे यातायात की समस्या दूर होगी।

### 300 उद्योगों के लिए भूखंड

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि बटालियन के साथ ही सुरगांवनिपानी में लगभग 100 एकड़ शासकीय भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र स्थापित होने वाला है। जहां कई बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा। उद्योग खुलने से खंडवा आगे बढ़ेगा। इस औद्योगिक क्षेत्र में लगभग 300 से अधिक भूखंड स्थापित होंगे।

### जलवा बुजुर्ग और अंजनिया खुर्द में 'बोरी बंधान' बनाया

**खंडवा।** खण्डवा जिले में कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में ''मिशन अमृत संचय'' अभियान के तहत जल संरक्षण के क्षेत्र में लगातार कार्य कराए जा रहे हैं। इसके तहत नदी नालों में बहते पानी को रोककर आसपास के क्षेत्र का जलस्तर बढ़ाने के उद्देश्य से गांव–गांव में बोरीबंधान संरचनाएं बनाई जा रही हैं। इसी क्रम में रविवार को पुनासा विकासखंड के ग्राम अंजनिया खुर्द और जलवा बुजुर्ग में ग्रामीणों ने श्रमदान कर बोरी बंधान का निर्माण किया। ग्राम अंजनिया खुर्द के कार्यक्रम में नवांकुर संस्था, ग्राम विकास सेवा समिति चिकटीखाल, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अंजनिया खुर्द एवम किसानों के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा ग्राम जलवा बुजुर्ग में भी नाले पर श्रमदान कर बोरी बंधान बनाया गया। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जगदीश पटेल ने बताया कि ग्राम जलवा बुजुर्ग में आयोजित श्रमदान कार्यक्रम में नवांकुर संस्था श्री संत सिंगाजी ग्राम उत्थान सेवा समिति जलवा बुजुर्ग का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जिला अस्पताल के डॉक्टर्स के अथक प्रयासों से बची 'बेबी' की जान



नवभारत न्यूज

**खण्डवा। जिला चिकित्सालय खंडवा में पिछले माह शेख जावेद अपनी 40 दिन की नन्ही सी बेटी "बेबी" का इलाज करवाने लेकर आए तो शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक पंचोरे ने स्वास्थ्य परीक्षण कर बताया कि बेबी की हालत बहुत गंभीर है, तथा उसे सांस लेने में तकलीफ, डिहाईड्रेशन के साथ साथ शुगर लेवल भी एकदम कम हो गया है।**

डॉ. पंचोरे ने तुरंत अपनी टीम को अलर्ट किया और बच्ची को 6 दिन तक वेंटिलेटर पर रखकर और जीवन रक्षक उपचार शुरू किया। बेबी के स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो रहा था। उसके दस्त में खून आ रहा था तथा शुगर लेवल एकदम कम था। बेबी को निमोनिया भी हो गया था। नन्ही सी बेबी की कमजोर स्थिति को देखते हुए उसे 2 दिन तक प्लाज्मा एवं खून चढ़ाया गया। डॉक्टर के अथक प्रयासों से कुछ दिन बाद बेबी के स्वास्थ्य में धीरे–धीरे सुधार होने लगा, और उसे वेंटिलेटर से हटा दिया गया।

डॉ. पंचोरे ने बताया कि बच्ची अब बिल्कुल स्वस्थ है, उसकी लगभग सभी दवाइयां बंद कर कर दी गई हैं और उसे अब डिस्चार्ज कर दिया गया है। डॉक्टर्स और उनकी टीम के लगातार प्रयासों से बच्ची की जान बच गई।

बच्ची के पिता शेख जावेद ने बताया कि जब वे बच्ची को अस्पताल लाए थे तो उन्हें बेबी के बचने की उम्मीद लगभग नहीं के बराबर थी, लेकिन जिला अस्पताल में बेहतर इलाज से उनकी "बेबी" को नया जीवन मिला है। इसके लिए शेख जावेद और उनका पूरा परिवार जिला अस्पताल की टीम का बहुत–बहुत आभार प्रकट करता है।

# सिकल सेल उन्मूलन के लिए कार्यशाला






नवभारत न्यूज

**खंडवा।** सिकल सेल रोग के प्रति जनजागरूकता लाने तथा नवीन उपचार पद्धतियों और जमीनी अनुभवों को साझा करने के उद्देश्य से रविवार को शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में डॉ. गौरव ढींगरा एवं डॉ. अतुल राठौर ने सिकल सेल रोग के निदान, उपचार और प्रबंधन से जुड़ी उपयोगी जानकारी दी। यह कार्यक्रम ऑनलाइन सर्विस एसोसिएशन द्वारा एम्स भोपाल, सीएमएचओ कार्यालय खंडवा के सहयोग से संपन्न हुआ। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल से डॉ. रूबी खान व डॉ. दिप्ती जैन ने वर्चुअल माध्यम से प्रतिभागियों को मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में डॉक्टर्स, स्वास्थ्यकर्मी एवं सिकल सेल से प्रभावित मरीज शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों और प्रतिभागियों के बीच सार्थक संवाद हुआ, जिससे सिकल सेल रोग की बेहतर समझ और प्रभावी उपचार रणनीतियों को बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ अनिरुद्ध कौशल, मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉक्टर रंजीत बडोले, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेन्द्र सिंह सोलंकी भी उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु मंदिर कोहदड़ में पूर्व आचार्य पटेल ने एलसीडी और पंखे दिए दान में

नवभारत न्यूज

*खंडवा।* **आचार्य सावन पटेल कोहदड द्वारा रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर कोहदड़ को शैक्षणिक सहयोग स्वरूप एक एलसीडी एवं चार छत पंखे प्रदान किए गए। इस सहयोग से विद्यालय के अध्ययन वातावरण में सुधार होगा।**

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर परिवार द्वारा आचार्य सावनजी का आभार व्यक्त किया गया। विद्यालय परिवार ने कहा कि ऐसे सहयोग से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं प्राप्त होती हैं।

उल्लेखनीय है कि आचार्य सावन जी पूर्व में सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में आचार्य एवं प्रधानाचार्य के रूप में सेवाएं दे चुके हैं, जिससे उनका विद्यालय से भावनात्मक जुड़ाव रहा है। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

**विश्व ध्यान दिवस** — पुलिस लाइन सहित जिले के समस्त थानों एवं पुलिस चौकियों में साप्ताहिक ध्यान की शुरूआत

# हर सप्ताह रविवार सुबह 'ध्यान' लगाकर तनावमुक्त होंगे वर्दीवाले





नवभारत न्यूज

**खंडवा। पुलिसिंग प्रणाली में लगातार निखार आता जा रहा है। पुलिस जवानों को तनावमुक्त करने, मानसिक स्वास्थ्य बेहतर करने, कार्य क्षमता में वृद्धि करने के उद्देश्य से विश्व ध्यान दिवस पर समस्त थानों में साप्ताहिक ध्यान शुरू हो गया है। अब हर सप्ताह पुलिसकर्मी और अधिकारी अपने परिजनों सहित पुलिस लाइन वह अपने–अपने थाने और चौकियों में ध्यान शिविर रविवार को सुबह लगाएंगे।**

पुलिस लाइन सहित जिले के समस्त थानों एवं पुलिस चौकियों में साप्ताहिक ध्यान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम जूम लिंक के माध्यम से पुलिस मुख्यालय एवं हार्टफुलनेश संस्था कान्हा शांति वनम हैदराबाद (तेलंगाना) से लाइव प्रसारित किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राजेश रघुवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर महेंद्र तारनेकर, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल सिंह चौहान, उप पुलिस अधीक्षक यातायात अनिल राय, कण्ट्रोल रूम प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार गुप्ता, सूबेदार धरम जामोद, जिला स्तरीय हार्टफेलनेश समन्वयक सउनि भागवत लोखंडे सहित पुलिस अधिकारी व कर्मचारी एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे।